प्रेस विज्ञप्ति

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय

# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

## विश्वविद्यालय में इसरों के वैज्ञानिकों द्वारा विद्यार्थियों हेतु लगायी गयी प्रदर्शनी

पन्तनगर। 13 दिसम्बर 2023। विश्वविद्यालय परिसर में भारतीय अंतरिक्ष परिषद अहमदाबाद (इसरो, अहमदाबाद) द्वारा कैम्पस स्कूल पन्तनगर तथा सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन विश्वविद्यालय के अधिष्ठाताओं, निदेशकों, प्राध्यापकों, विद्यालयों के प्रधानाचार्यों, अध्यापकों व अन्य कर्मचारियों की गरिमामयी उपस्थिति में मुख्य अतिथि कार्यवाहक कुलपति डा. के.पी. रावेरकर तथा इसरो अहमदाबाद के वरिष्ठ वैज्ञानिकों द्वारा किया गया। कैम्पस स्कूल के प्रधानाचार्य डा. बी.सी. पाठक ने मुख्य अतिथि तथा वैज्ञानिकों को सम्मानित कर उनका स्वागत एवं अभिनन्दन किया।

डा. बी.सी. पाठक ने कहा कि इस प्रकार के कार्यक्रम सुदूर–पर्वतीय क्षेत्रों में भी किये जाने चाहिए। इसरो से आये वैज्ञानिकों, डा. पटनायक, डा. एस.पी. व्यास एवं डा. विनोद जोशी जो पन्तनगर विश्वविद्यालय के पूर्व छात्र रहे है, ने अपने सम्बोधन में कहा कि कृषि विषयों व अन्य विषयों के विद्यार्थियों के लिए इसरो में अवसर प्राप्त हैं। विशिष्ट अतिथि, निदेशक बायो टेक्नॉलोजी, हल्दी डा. संजय शर्मा ने विद्यार्थियों से आहवन किया कि इसमें से कई विद्यार्थी वैज्ञानिक बनकर देश की सेवा करेंगे। सुश्री ए. फर्नाडीस सहायक निदेशक ने बताया कि हिन्दी भाषा में भी वैज्ञानिक शोध सम्बन्धित पुस्तकें उपलब्ध हैं, जिसकी प्रदर्शनी जनक नायर हॉल में लगायी है। वरिष्ठ वैज्ञानिक डा. एन.जे. भट्ट ने बताया कि इस प्रदर्शनी में वैज्ञानिकों के साथ प्रश्नोत्तरी, जनक नायर हॉल में चन्द्रयान–1, 2 और 3 से सम्बधित पोस्टर और इसरो से आयी बस में चल चित्र के माध्यम से अन्तरिक्ष विज्ञान सम्बधित ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। डा. गीता पाठक, सह–निदेशक सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय ने सभी आगन्तुओं का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर डा. के.पी. रावेरकर ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन से विद्यार्थिओं को अतंरिक्ष विज्ञान के क्षेत्र में विगत वर्षों में घटित गतिविधियों तथा भविष्य में होने वाली क्रिया–कलापों के विषय में अभिरूचि तथा वैज्ञानिक सोच का विकास होता है। कैम्पस स्कूस में आज 1300 छात्र–छात्राओं ने प्रदर्शनी का अवलोकन किया, जिसमें राकेट लान्चिंग मॉडल सर्वाधिक आकर्षण का केन्द्र रहा।

इसके उपरान्त बालनिलयम जूनियर हाईस्कूल में इसरो अहमदाबाद द्वारा हिन्दी प्रचार प्रसार कार्यक्रम के अंतर्गत भाषण प्रतियोगिता मॉडल मेकिंग प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, कार्यक्रम का उद्घाटन कार्यवाहक कुलपति डा. के.पी. रावेरकर द्वारा किया गया। इस अवसर पर डा. विनोद जोशी, सह–निदेशक हेड क्वार्टर बेंगलुरू जो बालनिलयम के विद्यार्थी रहे है। डा. एस.पी. व्यास हेड एच.आर.टी.डी. अहमदाबाद, डा. एन.जे. भट्ट, वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान वीएसएसई, डा. सी. पटनायक, वरिष्ठ वैज्ञानिक अहमदाबाद, श्रीमती एनानक्युलेट फर्नांडिस, सह–निदेशक सैक, डा. मुकेश मिश्रा आदि ने इसरो के विभिन्न कार्यक्रम के बारे में विशेष उद्बोधन एवं पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से छात्रों को जानकारी दी। भाषण प्रतियोगिता में उत्कर्ष प्रथम आराध्या द्वितीय कैंपस स्कूल, श्वेता तृतीय बालनिलयम स्कूल, हर्षित कुमार कैंपस स्कूल एवं रितु गर्ल्स इंटर कालेज को प्रोत्साहन पुरस्कार दिये गये, मॉडल मेंकिग प्रतियोगिता में अनूप कुमार प्रथम, नितीश मौर्या द्वितीय इंटर कालेज पंतनगर, अनुष्का टीम तृतीय बालनिलयम स्कूल, इस्तियाक अली इंटर कालेज पंतनगर एवं सिद्धार्थ को प्रोत्हासन पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में इंटर कालेज, कैंपस स्कूल बालनिलयम एवं जी.जी.आई.सी. के छात्र–छात्राओं ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम में प्रबंधक डा. श्रीराम एवं समस्त अध्यापिकाएं एवं कर्मचारीगण उपस्थित थे। विश्वविद्यालय के कुलपति डा मनमोहन सिंह चौहान ने इस कार्यक्रम के आयोजन हेतु सभी को शुभकामनाएं दीं।




*कार्यक्रम में संबोधित करते कार्यवाहक कुलपति डा. के.पी. रावेरकर।*




*कार्यक्रम में संबोधित करते कार्यवाहक कुलपति डा. के.पी. रावेरकर।*




*दीप प्रज्जवलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ करते कार्यवाहक कुलपति डा. के.पी. रावेरकर।*

**निदेशक संचार**